Bal Bharati Public School
GRH Marg, New - Delhi

Class : IX

Subject : Hindi

Assignment

1. अनुच्छेद

हिमपात अपने आप में एक तरह के बर्फ के खण्डों का अव्यवस्थित ढंग से गिरना ही था। हमें बताया गया कि ग्लेशियर के बहने से अकसर बर्फ में हलचल हो जाती है, जिससे बड़ी-बड़ी बर्फ की चट्टानें तत्काल गिर जाया करती थीं और अन्य कारणों से भी अचानक प्रायः खतरनाक स्थिति धारण कर लेती थीं। सीधे-धरातल पर दरार पड़ने का विचार और इस दरार का गहरा-चौड़ा हिम विदर में बदल जाने का विचार मात्र ही बहुत डरावना था।

प्रश्न: 1) हिमपात क्या था?

2) पर्वतारोहियों को क्या बात बताई गई?

3) कौन सा खयाल डरावना था?

4) यह बात किस सन्दर्भ कही जा रही है?

2. अनुच्छेद

यह क्या हो गया था? एक लंबा बर्फ का पिण्ड हमारे कैंप से ठीक ऊपर ल्होत्से ग्लेशियर से टूटकर नीचे आ गिरा था और विशाल हिमपुंज बन गया था। हिमखण्डों, बर्फ के टुकड़ों तथा जमी हुई बर्फ के उस विशालकाय पुंज ने, एक ~~एक्सप्रेस~~ रेलगाड़ी की तेज गति और भीषण गर्जना के साथ, सीधी ढलान के नीचे आते हुए हमारे कैंप को तहस-नहस कर दिया। वास्तव में हर व्यक्ति को चोट लगी थी। यह एक आश्चर्य था कि किसी की मृत्यु नहीं हुई थी।

प्रश्न: 1.) यह क्या हो गया था? अपने शब्दों में लिखिए।

2.) इस घटना से कैंप पर क्या प्रभाव पड़ा?

3.) आश्चर्य की बात क्या थी?

4.) यह घटना कहाँ घटी?

5.) प्रस्तुत गद्यांश के पाठ व लेखक का नाम लिखिए।